Z राजस्थान

## चाय की चुस्की में मिलावट का जहर! शाहपुरा में नकली चाय फैक्ट्री का भंडाफोड़



**Rajasthan News:** एक तरफ कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा खुद फील्ड में निकालकर नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी कर रहे हैं, तो वहीं मिलावट खोर आपकी चाय का स्वाद भी बिगाड़ देने में कसर नहीं छोड़ रहे. जयपुर जिले की शाहपुरा में माहेश्वरी ब्रांड के नाम से नकली चाय का कारोबार करने वाले गिरोह का आज भंडाफोड़ हो गया. जयपुर ग्रामीण SP आनन्द शर्मा के निर्देश पर शाहपुरा पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया. टीम ने अलग-अलग जगह छापा मार बड़ी संख्या में नकली माहेश्वरी चाय के पैकेट बरामद किए है.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/rajasthan/jaipur/shahpura-fake-maheshwari-tea-business-3-accused-are-in-police-custody/1749049874134